हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 25 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री


11 जगन्नाथ मंदिर में काढ़ा वितरण के अंतिम दिन लगी हजारों ...

12 अजय अब भी बने हुए हैं कार्यकर्ताओं की पसंद







छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25


## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव आज

**धमतरी।** शासन की महती योजना ''सब पढ़ें-सब बढ़ें'' के तहत जिलास्तरीय शाला प्रवेशोत्सव 25 जून को आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल बठेना में दोपहर 3 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक धमतरी ओंकार साहू, विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर, सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम, ननि महापौर रामू रोहरा, छग पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरूराम निषाद, जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा, उपाध्यक्ष गौकरण साहू, शाला प्रबंध समिति बठेना के अध्यक्ष विनय जैन और पार्षद बठेना वार्ड श्यामलाल नेताम होंगे।

### कुरूद नपं के नए कार्यालय भवन के लिए 1.68 करोड़ स्वीकृत

**धमतरी।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने धमतरी जिले के कुरुद नगर पंचायत के नए कार्यालय भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ 68 लाख 30 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संचालनालय द्वारा अधोसंरचना मद से राशि स्वीकृति का आदेश जारी कर दिया गया है। कुरुद नगर पंचायत में वार्ड क्र. 15 में मंडी रोड के पास नगर पंचायत के नए कार्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा।

### बाजार विकास पर कार्यशाला 26 को

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर जिले में प्रोजेक्ट युवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उद्यम से विकास श्रृंखला में रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के तहत बाजार विकास पर एक दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला 26 जून को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक एक रेस्टोरेंट में आयोजित होगी।

### नगरी में विकलांगता शिविर आज

**नगरी।** नगर पंचायत में दिव्यांगजनों के लिए अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के प्रयास से विकलांगता शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। सुशासन तिहार के दौरान अध्यक्ष ने नगरी एसडीएम प्रीति दुर्गम से निवेदन करते हुए था कि नगर के दिव्यांगों को बिना दिव्यांग सर्टिफिकेट के शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाने का आग्रह एसडीएम से किया था जिस पर कार्यवाही करते हुए जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में 25 जून को नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 12 रंगमंच के पास सामुदायिक भवन में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है। समाज कल्याण विभाग द्वारा जरूरतमंदों को दिव्यांग सामग्री वितरण किया जाएगा। श्री छाबड़ा ने जरूरतमंद दिव्यांगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### अब 1 लाख 6 हजार 687 किसानों को मिलेगी सम्मान निधि, 468 ने नहीं कराई ई-केवाईसी

# फर्जी किसानों से सम्मान निधि वसूली पर विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीएम किसान सम्मान निधि में हेरफेर करने वाले फर्जी किसानों से वसूली बंद कर दी गई है। पोर्टल में वसूली मोड बंद कर दिया गया है। यही नहीं फर्जी हितग्राहियों की जानकारी भी गायब हो चुकी है। जिला स्तर पर तो कृषि विभाग में यह जानकारी ही उपलब्ध नहीं है कि कितने किसानों ने किस्त की राशि लौटाई है और कितने किसानों से वसूली बची हुई है।

किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार किसान सम्मान निधि की योजना शुरू की है। इस योजना के तहत भारत सरकार से पूरा फंड आता है। हर पात्र किसान को इसके तहत हर चार माह में 2000 हजार रूपए दिए जाते हैं। सालाना 6000 रुपए की सहायता दी जाती है। योजना शुरू हुई तो कई लोगों ने फर्जी रूप से खुद को किसान बताकर इस योजना का लाभ लेना शुरू कर दिया था। करीब तीन साल पहले इस फर्जीवाड़े की पोल खुली। जांच में 25000 हजार से ज्यादा फर्जी किसान पाए गए। गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद इन किसानों से वसूली शुरू की गई। बकायदा वसूली की पोर्टल में एंट्री कर सरकार को इसकी जानकारी दी जाती थी। करीब 30 प्रतिशत किसानों ने कार्रवाई के डर से शासन को रुपए लौटा दिए, जो उन्हें शासन से पीएम सम्मान निधि के रूप में मिले थे लेकिन 70 प्रतिशत किसानों ने फूटी कौड़ी नहीं लौटाई। पीएम सम्मान निधि के रूपयों को वे डकार गए। अब तो शासन ने उनसे वसूली ही बंद कर दी है। इसके लिए बने पोर्टल को बंद कर दिया है। पिछले डेढ़ साल से एक रुपए की वसूली नहीं आई है।

#### अधिकारी-कर्मचारियों ने नहीं ली रुचि

पीएम सम्मान निधि की वसूली में अधिकारी और कर्मचारियों ने रुचि ही नहीं ली, जिसके चलते वसूली ठप रही। जिन कर्मचारियों को वसूली में लगाया जाता था, उनके वेतन की 15 प्रतिशत भी वसूली नहीं आ रही थी। वसूली में हो रहे नुकसान को देखते हुए शासन ने वसूली बंद कर दी। उल्लेखनीय है कि वसूली तेज करने के लिए इसमें राजस्व अमले को जोड़ने का प्रयास किया गया था, लेकिन वह भी असफल रहा।




#### एक बार फिर सत्यापन की जरूरत

पीएम सम्मान निधि किस्त धारक की किसान की मौत पर परिजन इसकी सूचना ग्राम पंचायत को देते हैं। आरईओ को भी इसकी सूचना दी जाती है, जिसके बाद किसान सम्मान निधि से उसका नाम काट दिया जाता है। कई मामलों में परिजन इसकी सूचना ही नहीं देते हैं। जानकारी के अभाव में किसानों की मौत के बाद उनके खाते में सम्मान निधि की किस्त जाती रहती है। धमतरी जिले में ऐसे कई मामले हैं। फर्जीवाड़ा रोकने के लिए एक बार फिर किसानों के सत्यापन की आवश्यकता है।

#### मिलेगी 20वीं किस्त

पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त फरवरी माह में ट्रांसफर की गई थी। अब चार माह बीत चुके हैं। ऐसे में किसानों को सम्मान निधि की 20वीं किस्त देने की तैयारी चल रही है। अभी तक इसके लिए तारीख तय नहीं की गई है लेकिन जून माह के समाप्त होने से पहले किसानों के खाते में सम्मान निधि की राशि डाल दी जाएगी। जानकारी के अनुसार इस बार सम्मान निधि 1 लाख 6 हजार 687 किसानों के खाते में डाली जाएगी। 468 किसान ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है। इनके खाते में राशि नहीं डाली जाएगी।

## धान की फसल से बिखरेगी हरियाली

- इस साल धान के लिए कृषि विभाग ने 1 लाख 39 हजार 764 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एक बार फिर जिले में धान की फसल से हरियाली बिखरेगी। इस साल 1 लाख 39 हजार 764 हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग ने धान के रकबे में नाममात्र की कमी की है। कोदो कुटकी, अरहर, मूंग, मक्का और तिलहन के रकबे में आंशिक वृद्धि की है।

खरीफ फसल की तैयारी जोरों पर है। पूरे जिले में बोनी का कार्य चल रहा है। बोयता पद्धति से बोनी को लगभग कम्पलीट हो चुका है। इस साल धान के लिए कृषि विभाग ने 1 लाख 39 हजार 764 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 78 हजार 914 हेक्टेयर में बोयता पद्धति से बोनी की जानी है। करीब 76 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। लाईचोपी पद्धति से भी 60 प्रतिशत से ज्यादा बोनी हो चुकी है। रोपाई के लिए नर्सरी तैयार है। कुछ स्थानों पर रोपाई भी शुरू हो चुकी है। जानकारी के अनुसार 60 हजार 850 हेक्टेयर में रोपाई की जानी है।

#### तिलहन, दलहन का रकबा बढ़ा

इस साल दलहन तिलहन के रकबे में आंशिक वृद्धि की गई है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अरहर 110 हेक्टेयर, मूंग 200 हेक्टेयर, उड़द 760 हेक्टेयर, कुल्थी एवं अन्य 177 हेक्टेयर, मूंगफली 10 हेक्टेयर, तिल 90 हेक्टेयर में लगेगी। इसी प्रकार गन्ना 10 हेक्टेयर, मक्का 510 हेक्टेयर, ज्वार कोदो कुटकी 200 हेक्टेयर और रागी 500 हेक्टेयर में लगेगी।

## हेरोइन की बिक्री करने ग्राहक तलाश रहे दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- कोतवाली पुलिस ने की कार्वाई

अपने कब्जे में अवैध हेरोइन चिट्टा रखकर उसे बेचने ग्राहक तलाश रहे दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस को मंगलवार को मुखबिर से विंध्यवासिनी वार्ड स्थित सिटी पार्क के सामने विकास यादव व चेतन देवांगन द्वारा अवैध मादक पदार्थ हेरोइन रख उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश करने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों युवकों को पकड़ उनकी तलाशी ली। इस दौरान विकास यादव के कब्जे से 10 पुड़ियों में बंधा हेरोइन कुल वजन 0.9 ग्राम कीमत 10 हजार रुपए व एक नग मोबाइल फोन कीमत 10 हजार जब्त किया। वहीं चेतन देवांगन के कब्जे से 7200 बिक्री रकम, एक नग कीपैड मोबाइल कीमत 1000 व एक स्मार्टफोन कीमत 10 हजार रुपए मिला। पुलिस ने मौके से लगभग 38 हजार की जब्ती की कार्रवाई की। पुलिस ने कोतवाली थाना में नारकोटिक्स एक्ट 23/ए, 29 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी विकास यादव पिता कैलाश उम्र 26 वर्ष व चेतन देवांगन पिता देवानंद उम्र 19 वर्ष दोनों शांतिचौक सोरिदनगर निवासी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। धमतरी पुलिस ने आमजनता से मादक पदार्थ के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम में देने की अपील करते हुए कहा है कि सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाएगा।





मंगलवार को सुबह से दोपहर तक हुई हल्की बारिश

## मानसून हुआ सक्रिय, अगले पांच दिनों तक बारिश होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश में मानसून सक्रिय हो गया है। अगले पांच दिनों तक प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। सोमवार सुबह से आसमान पर बादल घिर आए। बूंदाबांदी के साथ दोपहर तक हल्की वर्षा होती रही। मानसून के सक्रिय होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। कृषि कार्य में गति लाने के लिए कृषकों को एक अच्छी बारिश का इंतजार है।



मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आसमान पर अलग-अलग तीन सिस्टम तैयार है, जिसमें दक्षिण उत्तर प्रदेश के मध्य भागों से लेकर उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। चक्रवाती परिसंचरण से लेकर उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश, झारखंड, उड़ीसा तक समुद्र तल से 1.5 किमी ऊंचाई पर द्रोणिका बनी हुई है। दक्षिण झारखंड एवं इसके आसपास क्षेत्र में समुद्र तल से 3.1 किमी से 7.6 किमी ऊपर एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। यह ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। पूर्वोत्तर अरब सागर से दक्षिण झारखंड एवं आसपास के क्षेत्र के ऊपर समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर चक्रवाती परिसंचरण तक द्रोणिका बनी हुई है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। चेतावनी में कहा गया है कि प्रदेश के एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने, मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है।

## मितानिन प्रशिक्षक की हत्या, आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ ने हत्या के आरोपियों को कड़ी सजा देने तथा मृत मितानिन प्रशिक्षक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। प्रदेश मितानिन संघ के सचिव चंद्रकिशोर वासनिक के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे मितानिन संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि कांकेर जिले के दुर्गकोंदल विकासखंड के ग्राम चिखली की मितानिन प्रशिक्षक जयंती मंडल वर्ष 2004 से सेवा दे रही थी जिसकी अज्ञात आरोपियों ने निर्मम हत्या कर दी है। इस दुर्भाग्यजनक घटना से प्रदेश मितानिन संघ में आक्रोश है। संघ ने मांग की है कि अज्ञात आरोपियों को जल्द से जल्द पताकर कड़ी से कड़ी सजा दिलाएं तथा मृतक मितानिन प्रशिक्षक के परिजनों को मुआवजा राशि दी जाए। प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।



प्रदेश मितानिन संघ ने परिजनों को मुआवजा देने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, तरसींवा के ग्रामीणों में आक्रोश

- जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाने की मांग
- अतिक्रमण स्थल पर बनना है सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत तरसींवा की शासकीय जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया।



ग्राम तरसींवा सरपंच झामिन सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, सरस्वती ध्रुव, राधा सिन्हा, बिंदिया यादव, ओमप्रकाश ने कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत तरसींवा में पंचायत प्रस्ताव पारित कर गांव के आमापारा वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए शासकीय भूमि को आरक्षित किया गया है ताकि लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आवश्यक आयोजनों के लिए सुविधा मिल सके। आरक्षित भूमि पर 18 जून को पंचायत के निर्देशानुसार ग्रामीणों ने बाउंड्री निर्माण के लिए घेराव प्रारंभ किया था लेकिन गांव के एक व्यक्ति ने शासकीय भूमि को अपना निजी स्वामित्व बताते हुए ग्रामीणों के साथ विवाद किया और पंचायत के कार्य में बाधा डालते हुए उक्त भूमि को तार से घेरकर अवैध कब्जा कर लिया है। पंचायत द्वारा अतिक्रमणकारी को नोटिस व समझाईश देने के बाद भी उसने अतिक्रमण हटाने से मना कर दिया है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। मामले की निष्पक्ष जांचकर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा सामुदायिक भवन निर्माण प्रक्रिया शुरू कराने की मांग जिलाधीश से की गई।

## बोलेरो ने कबाड़ से भरी रिक्शा को मारी ठोकर, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



- बाम्बे गैरेज के पास हुआ हादसा

कबाड़ी खरीदकर रिक्शा से जा रहे युवक को तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में कबाड़ी खरीदने वाला युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार साल्हेवारपारा निवासी संतोष बघेल उम्र 39 वर्ष मोहल्लो में घूम घूमकर कबाड़ी खरीदने का काम करता है। रोजाना की तरह युवक मंगलवार को भी रिक्शा लेकर कबाड़ी खरीदने के लिए निकला था। सोरिद व जोधापुर में कबाड़ी खरीदने के बाद युवक रिक्शा को चलाते हुए नेशनल हाईवे में बाम्बे गैरेज से होते हुए साल्हेवारपारा जा रहा था। इसी दौरान पीछे से लहराते हुए व तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो क्रमांक सीजी 09 जेजे 5673 ने आगे जा रही कबाड़ी सामान से भरी रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। बोलेरो की टक्कर से युवक रिक्शा सहित सड़क में दूर जा गिरा। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गई। रिक्शा में रखा कबाड़ी सामान सड़क पर बिखर गया। घटना को देख आसपास के लोग घायल युवक के मदद के लिए पहुंच गए। रिक्शा को ठोकर मार चालक भागने की फिराक में था, लेकिन लोगों की भीड़ ने चालक को भागने नहीं दिया। सूचना पर यातायात पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और बोलेरो चालक के खिलाफ कार्रवाई में जुट गई। वहीं घायल को रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान ने एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि बोलेरो चालक नशे में था। रास्ते में चार पांच लोगों को एक्सीडेंट करते हुए बाम्बे गैरेज के पास पहुंचा था।

बाइकर्स का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

## स्टंटबाज बाइक सवारों ने चलती बस को रोकने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्पोर्ट्स बाइक पर सवार स्टंटबाज दो युवकों ने रात्रि में लग्जरी बस का पीछा कर रूकवाने का प्रयास किया। लेकिन चालक ने समझदारी दिखाते हुए बस को रोकने की बजाए दौड़ाता चला गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है, जिसे लेकर जमकर चर्चा हो रही है।





शहर के भीतर हो या नेशनल हाईवे में रात्रि में कुछ स्टंटबाज युवक स्पोर्ट्स बाइक में स्टंट करते हुए दिख जाते हैं। इस स्टंट के चक्कर में कई बार बाइकर्स की जान संकट में पड़ जाती है। वहीं उनके कारण अन्य राहगीर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। बीते माह नीले रंग की कार में दो युवक स्टंट करते नजर आये थे। चलती कार में अपनी अपनी तरफ की खिड़कियों से बाहर निकलकर डांसकर रहे थे। वहीं कुछ असामाजिक तत्व देर रात्रि ट्रक या अन्य वाहन पर शराब की बोतल मार देने व वाहन के रूकते ही चालक को लूटने की घटना को अंजाम दे चुके हैं।

सोमवार की रात्रि भी नेशनल हाईवे में स्टंटबाज युवकों ने लग्जरी बस को रूकवाने का प्रयास किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। रात्रि में लग्जरी बस रायपुर से यात्रियों को बिठाकर जगदलपुर की तरफ जा रही थी। संबलपुर के पास दो युवक स्पोर्ट्स बाइक में बस का पीछा करते हुए स्टंट कर रहे थे। उनके पीछे गाली-गलौज कर रहे थे। जिसका बस चालक द्वारा वीडियो बनाया गया। वायरल वीडियो में युवक बस को रूकवाने बाइक को आगे पीछे व साइड में ले जा रहे थे। वहीं पीछे बैठा युवक हाथ में हथियारनुमा कुछ वस्तु पकड़े हुए दिख रहा है। बस चालक ने बाइकर्स को चेतावनी भी दी, लेकिन बाइकर्स गालियां देते हुए बस के आगे पीछे होते रहे। युवकों की हरकत को देख चालक बस को सुनसान सड़क पर रोकने की बजाए स्पीड बढ़ाकर सीधा धमतरी पहुंचाया। बाइकर्स की हरकतों को देख लूट की नीयत से बस रूकवाने का प्रयास करने की आशंका जताई जा रही है। बहरहाल पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर जांच शुरु कर दी है।

#### घटना को लेकर पुलिस गंभीर

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि घटना की शिकायत नहीं आई है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो से घटना की जानकारी मिली है। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच में जुट गई है। बस चालक को भी बुलाया गया है। चालक के बयान के बाद पूरी घटना स्पष्ट हो पाएगी। वहीं दोनों बाइकर्स के रायपुर के होने की संभावना है। वहीं उसके पीछे एक बाइक आ रही थी जिसका सवार धमतरी निवासी होने का पता चला है।


हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल नगरी ने रखी श्रद्धांजलि सभा

# डॉ. मुखर्जी के विचारों को जीवन में उतारने का लिया संकल्प

- डॉ. मुखर्जी के बलिदान से ही संभव हो सका एक देश, एक विधान का सपना : बैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल नगरी द्वारा नगर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 2 स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मारक पर भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर पंचायत सभागार में संगोष्ठी हुई, जिसमें डॉ. मुखर्जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र के लिए दिए गए उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में एक देश, एक विधान, एक निशान लागू करने की मांग को लेकर संघर्ष किया और इसी उद्देश्य के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। उनके बलिदान का ही परिणाम है कि आज धारा 370 समाप्त हो चुकी है और कश्मीर भारत का पूरी तरह अभिन्न अंग बन चुका है। भाजपा कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाएं। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



कार्यक्रम में नागेन्द्र शुक्ला, मोहन नाहटा, कमल डागा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, मंडल महामंत्री रूपेन्द्र साहू, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, गुरुप्रसाद साहू, पार्षदगण अश्विनी निषाद, राजा पवार, आसकरण पटेल, शंकर देव, देवचरण ध्रुव, चेलेश्वरी साहू, विनता कोठारी, अल्का साव, डिगेश्वरी साहू, अम्बिका ध्रुव समेत अनेक वार्डवासी व नागरिकजन उपस्थित थे। सभी ने डॉ. मुखर्जी के विचारों को जीवन में उतारने और देश की एकता व अखंडता के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

## विद्यार्थियों और शिक्षकों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

नानी कल्याण विद्यालय सरबदा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने योगाभ्यास किया और इसके लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया।



विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि योग केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य सभी को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा देना है। विद्यालय के प्रशिक्षित योग एवं कराते शिक्षिका श्रीमती ऊषा गोस्वामी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को योग के माध्यम से उन्हें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लाभ के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य सुश्री स्वर्णलता लिम्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को योग अपनाने की सलाह दी और कहा कि यह न केवल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। पुनेश साहू शिक्षक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यालय में बच्चों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक किया जाता है और उन्हें योग के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर शिक्षक मिथलेश साहू, होसाना पूर्ति, नंदिनी मालिक, नोकेश्वरी साहू, ममता साहू, मोनिका गोस्वामी, वत्सला साहू, झरना साहू, रोहिमा कच्छप, टीना मुनीम, अनूपा धनवर, रीना टोप्पो, आशा किरण, अश्वनी, आशिमा लकड़ा, रचना कच्छप मौजूद थे।

### विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**नगरी।** विश्वकर्मा समाज जिला धमतरी के पदाधिकारियों का पदग्रहण समारोह बाबा बाहरराय मंदिर प्रांगण दुगली में संपन्न हुआ। भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के के बाद समाज के नए पदाधिकारियों का स्वागत व पदग्रहण हुआ। मौके पर जिलाध्यक्ष रामचरण विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, सचिव बीरेंद्र विश्वकर्मा, सहसचिव रोशन कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, महासचिव एसके विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी पुनीतराम विश्वकर्मा, समाजसेवक नंदलाल विश्वकर्मा, संरक्षक देवसिंह विश्वकर्मा, सलाहकार गिरधर विश्वकर्मा, भतीजा कुमार विश्वकर्मा, केशवराम विश्वकर्मा, महिला प्रभाग जिला अध्यक्ष लालेश्वरी विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रामबती विश्वकर्मा, सचिव यशोदाबाई विश्वकर्मा, शिवरात्रि, सगनी

### डांडेसरा में मिला आठ फीट का अजगर



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा के अंगद चंद्राकर की बाड़ी के पीछे एक 8 फीट का अजगर सांप मिला। अंगद चंद्राकर, नन्हा साहू, लुकेश चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर, शेष दीवान ने सांप को पकड़कर वन विभाग कुरूद को सौंपा।

## योगाचार्य ने योग के लाभ के बारे में बताया

- कुंडेल स्कूल में छात्रों, शिक्षकों व जनप्रतिनिधियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शाउमावि व ग्राम पंचायत कुंडेल के संयुक्त तत्वावधान में जनपद अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष, सरपंच, गणमान्य नागरिक एवं स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में योगाभ्यास हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विरेंद्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड, समिति अध्यक्ष बसंत साहू, सरपंच यशोदा कौशल साहू, सदस्य संतोष साहू कुंडेल, पंचायत सचिव व प्राचार्य ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्राम खट्टी से पहुंचे योगाचार्य देवचरण साहू ने योग से शरीर को होने वाले लाभ के बारे में बताया।

विरेंद्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सन 2014 से विश्व योग दिवस की शुरुआत की थी तब से निरंतर 11 वर्ष से हो चुके हैं। हमारे वैदिक ऋषि मुनियों ने शोध कर योग के लाभ को जनमानस तक पहुंचाने का काम किया है। बसंत साहू ने कहा कि योग कोई एक दिन करने का काम नहीं है बल्कि योग रोज करने का काम है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दिनेश साहू व आभार व्यक्त यशोदा साहू ने किया।

मौके पर प्रभारी प्राचार्य खिलेश्वरी बनपेला, व्याख्याता ममता साहू, होमेंद्र कुमार, ललिता उइके, नंदिनी सिन्हा, नीलम चौहान, प्रपा नारदराम साहू, अन्नपूर्णा साहू, शिक्षक रविशंकर पटेल, केशर निषाद, रामेश्वरी साहू, योगेश निषाद, जयप्रकाश टांडे, सदस्य संतोष साहू, पवन सेन, रूपराम वर्मा, राजेंद्र यादव, ध्रुवकुमार निषाद, शिवदास मानिकपुरी, पूर्णिमा नेताम, तिजेश्वरी साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## डिजिटल क्लास रूम के संचालन के लिए शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

डीजी दुनिया प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ अंतर्गत आईसीटी एवं डिजिटल क्लास रूम युक्त विद्यालयों के संचालन के लिए शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय मीडिल स्कूल दुर्गा चौक नगरी में मास्टर ट्रेनर नागेश्वर सेन द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में शिक्षकों को बताया जा रहा है कि वे किस प्रकार अपने विद्यालय में प्रदान किये गये आईसीटी डिजिटल क्लास रूम का उपयोग कर बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम साफ्टवेयर का उपयोग करना, छात्र-शिक्षक आईडी बनाना, ऑनलाइन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम में शिकायत दर्ज करना आदि विषयों पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के संचालन में जिला समन्वयक रिकेश कुमार साहू एवं प्रधानपाठक पूर्णिमा साहू का योगदान मिल रहा है।

### जीवन में योग का महत्वपूर्ण स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खल्लारी स्थित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के योगाचार्य पोषणलाल पटेल ने योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों को उसका महत्व समझाया। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम आदि योगाभ्यास किया। मार्गदर्शक सुशील चंद्राकर थे। उनके साथ शिक्षकगण सुरेन्द्र देवांगन, दिगेश्वर कश्यप, विपिन पटेल एवं भीखम गोयल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक बालकृष्ण सोनबोईर रहे। संकुल केंद्र प्रभारी प्रतिमा ध्रुव ने बच्चों को योग के नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। यदि बच्चे बचपन से ही योग को अपनाएं तो वे एक संतुलित और स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और योगा फॉर हार्मनी एंड पीस के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

## सूर्य नमस्कार के बारह मंत्रों का किया उच्चारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

गर्वनमेंट पीएस एमएस एचएस के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया जिसमें गिरौद सरपंच तलेश्वर साहू, प्राचार्य टंडन, एमएस गिरौद के प्रधानपाठक श्यामलाल साहू, चंद्रशेखर सेन प्रधानपाठक, शिक्षक गीता साहू, रूपा, चंद्रशेखर देवांगन, माखनलाल साहू, कामताराम साहू, कमल नारायण निषाद, हरेंद्र साहू, बलीराम दीवान, जनपद सदस्य, नंदनी साहू संकुल गिरौद से कुलेश्वर साहू समन्वयक, सफाईकर्मी भूषण, मेघनाथ साहू समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्यामलाल साहू ने योग के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। प्राणायाम, लोम विलोम, भ्रामरी, भस्त्रिका, सूक्ष्म व्यायाम किया। मंत्र उच्चारण कर सूर्य नमस्कार के बारह मंत्रों का उच्चारण करते हुए प्रत्येक आसन को अच्छे से कराया गया। योग गीत, शान्ति पाठ के साथ कार्यक्रम का

## अंचल की खबरें

### मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर लगी चौपाल



**नगरी।** नगरी मण्डल अंतर्गत ग्राम हरदीभाठा में चौपाल कार्यक्रम हुआ जिसमें भाजपा की मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धि के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नरेन्द्र नाग अध्यक्ष आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नगरी, रतनू निषाद, खिलेश लहरे बूथ अध्यक्ष, रमेश पटेल, निर्भय सेन, रोम शोरी, अजय बंजारे, शिवचरण जोशी, आमदेव ध्रुव, ओकेश ध्रुव, रामदास लहरे, सुमित कुर्रे, किशोर लहरे, तामेश्वर ध्रुव, कन्हैया लाल ध्रुव, नरोत्तम जोशी, रघुराम छत्तर, गोकुल ध्रुव उपस्थित थे।

### नारी हाईस्कूल में मना योग दिवस





**सिर्री।** शासकीय हाईस्कूल नारी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्राणायाम एवं योगाभ्यास हुआ। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रहलाद ध्रुव एवं पूर्व सरपंच उत्तम शर्मा सहित शाला विकास समिति के सदस्यगण हिरामन पाड़े, खोरबाहरा पाड़े, शिक्षकगण उमरावसिंह निषाद, विनोद दीवान, कामताराम साहू एवं हाईस्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया और उनके लाभ को भी जाना।

### सिवनीकला में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों ने किया योग



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला के आयुर्वेद औषधालय केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।योगाचार्य योगेश्वर साहू, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. ऋतु रात्रे, जनपद सदस्य टेकराम साहू, पंचायत सचिव वेदप्रकाश साहू, सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, जितेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, सोसाइटी अध्यक्ष चंदप्रकाश साहू, बबीता साहू, किशोर साहू, खिलावन चंद्राकर डॉ. कपिलदेव पटेल, कुंजीलाल साहू, डिलेंद्र यादव, कृष्णा तारक, पंच लोमस साहू पंच, किसन पटेल पंच, इंदु आडिल, गायत्री साहू पंच, रेणुका कुर्रे पंच, कांति तारक, पूर्णिमा पिंजारा, हेमा देशलहरे, उर्मिला बेगम, मिलापा मैडम सहित अन्य ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने परिसर में पौधरोपण भी किया।

### भोथीडीह में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन



**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथीडीह में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 13 जून तक किया गया। जिसमें सॉफ्टबॉल, कुश्ती, ड्राप रो बाल आदि खेल का प्रशिक्षण दिया गया। समापन 22 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथीडीह में हुआ। सरपंच दीक्षा मुकेश पटेल, उपसरपंच लक्ष्मी निषाद, पूर्व सरपंच एवनलाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य चुन्नीलाल ध्रुव, पंच मुरहा राम पटेल, प्राचार्य रोहित कुमार साहू सहित नागरिकगण उपस्थित थे। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमें खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल को आगे बढ़ाने में सहायता मिलती है। खेल में अपना भविष्य बना सकते हैं। यह जानकारी खेल शिक्षक बेदराम साहू ने दी।

नवीन पाठ्यक्रम पर डाइट नगरी में शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

## अब प्राथमिक स्तर पर खेल, योग एवं कला की मिलेगी शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में जिले के चारों विकासखंड नगरी, कुरूद, धमतरी, मगरलोड के शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण प्राथमिक विद्यालय की नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित था। इस वर्ष कक्षा पहली, दूसरी और तीसरी के पाठ्यपुस्तक में बदलाव किया गया है। नवीन पाठ्यपुस्तकों में किये गये बदलाव को शिक्षकों तक ले जाने के लिए मास्टर ट्रेनर का 6 दिवसीय प्रशिक्षण डाइट नगरी में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में संतुलित भाषा शिक्षण पद्धति भाषा एवं गणित के चार ब्लॉक, भाषा,गणित सीखने के अप्रोच पर फोकस करते हुए, पाठ्यक्रम, अभ्यास पुस्तिका पर







कैसे कार्य करना है, उसकी समझ विकसित की गई। ईएलपीएस के माध्यम से गणित की अवधारणा को समझाने का प्रयास किया गया। डाइट प्राचार्य प्रकाशराय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नए आयामों पर फोकस करके पाठ्यक्रम की गहराइयों को समझाने का प्रयास किया गया। साथ ही कला एवं खेल, योग, व्यायाम को भी इस पाठ्यक्रम में स्थान दिया गया है। एफएलएन जिला प्रभारी संगीता रणघाटी ने बताया कि भाषा, गणित की पुस्तक में कला, उत्सव, संस्कृति को समाहित करते हुए विभिन्न दक्षता के लिए सरल, सहज एवं बच्चों के वातावरण एवं आसपास की वस्तुओं एवं क्रियाकलाप को पाठ्य पुस्तक में स्थान दिया गया है। यह पाठ्यपुस्तकें बच्चों को आनंददायक तो लगेंगी ही साथ ही बच्चों के अन्दर कल्पना, जिज्ञासा एवं रुचि पैदा करेंगी। प्रशिक्षण में जोहन नेताम डाइट फैकल्टी, एपीसी एनके साहू, ललित सिन्हा बीआरसी धमतरी ,प्रकाशचंद साहू बीआरसी नगरी ने अपनी बातें रखी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीआरजी कैलाश सोन, अनुसुईया सिन्हा, लालाराम साहू, दीपेंद्र साहू, कमलेश देवांगन, भगवती वर्मा ने विभिन्न गतिविधि, समूह कार्य, खेल, गीत, कविता कहानी के माध्यम से प्रशिक्षण को बेहतर बनाने का प्रयास किया। प्रशिक्षण में डाइट नगरी के स्टॉफ डीके साहू, नरेंद्र देवांगन, अरविंद सार्वा, ईश्वरी ध्रुव, वेदप्रकाश साहू, ख़रिभान कश्यप, चिंतामणि सोम, महेश्वरी ध्रुव, गिरीश का सहयोग रहा।

### सेजेस कंडेल में प्रवेश प्रारंभ

**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ है। प्राचार्य राहुल नेताम ने बताया कि इच्छुक पालक अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 1 से 10 एवं हिंदी माध्यम में कक्षा 9 से 12 सभी संकाय में अपने बच्चों को प्रवेश दिला सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून है।

### निधन

**निर्मलराम साहू**



**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड नंबर चार निवासी निर्मलराम साहू का 23 जून सोमवार को निधन हो गया। वे हिरेंद्र साहू, तारेंद्र साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं नगरवासी शामिल हुए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रद्धा वर्मा पति डिलेश कुमार वर्मा एसएमआईजी-124 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी वार्ड क्र.-1 हटकेशर की निवासी हूं।

यह कि मैं श्रीमती श्रद्धा पिता श्री बालाराम बया विवाह पूर्व श्रद्धा के नाम से जानी जाती रही हूं। दिनांक 28/04/2017 को मेरा विवाह डिलेश कुमार वर्मा से सम्पन्न हुआ। अतः विवाह उपरान्त अब मुझे श्रीमती श्रद्धा वर्मा पति डिलेश कुमार वर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाता है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। सो सूचना जानें।

दिनांक : 24/06/2025

श्रीमती श्रद्धा वर्मा
पति डिलेश कुमार वर्मा
निवासी-एसएमआईजी-124
हाऊसिंग बोर्ड कालोनी वार्ड क्र.-1
हटकेशर जिला-धमतरी

न्यायालय- तहसीलदार भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)

// उपस्थिति सूचना //

रा.प्र.क्र. 202505132300029/अ-27
वर्ष 2024-25, ग्राम भेण्डसर तहसील भखारा

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिश्चन्द्र पिता स्वं धनेशराम अन्य 2 सभी निवासी ग्राम भेण्डरार तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में पेश किया है कि ग्राम भेण्डसर स्थित भूमि खसरा नं. 238 रकबा 0.38 हे. राजस्व अभिलेख मे आवेदकगण हरिश्चन्द्र एवं अनावेदक मीनाबाई वगैरह के सयुक्त नाम पर दर्ज है। आवेदकगण ग्राम भेण्डसर स्थित भूमि का 1/5 बराबर हिस्से में खाता विभाजन किये जाने आवेदन पत्र मय अभिलेखो की नकल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण अनावेदकगण मीनाबाई पति ताराचंद, युगेश्वर, परमेश्वर सोहद्रा सेवतीबाई पुष्पाबाई पिता स्वं. ताराचंद तुलसी बाई पति धनेश सभी कास्तकार भेण्डसर वर्तमान निवासी भठेली तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा की उपस्थिति हेतु प्रकरण लंबित है। वाद भूमि पैतृक भूमि है। प्रकरण अनावेदकगण की उपस्थिति हेतु दिनांक 30/6/2025 नियत है। अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में अनावेदकगण मीनाबाई पति ताराचंद युगेश्वर, परमेश्वर सोहद्रा सेवतीबाई पुष्पाबाई पिता स्वं ताराचंद, तुलसी बाई पति धनेश सभी कास्तकार भेण्डसर वर्तमान निवासी भठेली तहसील भखारा जिला धमतरी उपस्थिति हेतु प्रकरण लंबित है। प्रकरण मे अनावेदकगण का सुना जाना आवश्यक है। प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि 30/6/2025 स्वत या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थिति हो कर अपना पक्ष रखे नियत तिथि को उपस्थित नही होने पर अनावेदकगण के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 20/06/2025 को न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भखारा

## अंचल की खबरें

### योग दिवस पर रोपे गए पौधे



**मगरलोड।** शासकीय बालक उमावि मगरलोड प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, तहसील मगरलोड के अधिकारी, कर्मचारी विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, नगर पंचायत अधिकारी कर्मचारियों ने योग किया। कार्यक्रम के समापन पर पौधरोपण भी किया गया।

### कन्या शाला में योग के साथ प्रवेशोत्सव मना



**मगरलोड।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव भी मनाया गया जिसमें नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए शासन द्वारा प्रदत्त पाठ्य पुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया गया। मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति कन्या मगरलोड अध्यक्ष हेमकुमारी चौहान, नपं उपाध्यक्ष रुक्मणि सिन्हा, प्रदीप यादव, बिदम चौहान, प्राचार्य पनेश सेन, व्याख्याता जियाउद्दीन मुगल, उमेश मरकाम, शेख राईसुउद्दीन कुरैशी, विनीता ध्रुव, रूपा, रूपेश्वरी सहित पालकगण एवं छात्रगण सम्मिलित हुए।

### योग से जोड़ो हर मन : डॉ. प्राची





**धमतरी।** एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ऑल इंडिया लीनेस क्लब द्वारा किड्स योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षिका डॉ प्राची गुप्ता छात्रा महावीर मेडिकल कॉलेज नागपुर ने बच्चों और उनकी माताओं के साथ सभी सदस्यों को योगाभ्यास करवाया। डॉ मंजु गुप्ता फिजियोथैरेपिस्ट ने स्वस्थ जीवन शैली के लिए नित्य व्यायाम एवं योग के महत्व समझाया। अतिथि तारा झंवर ने सभी को योगाभ्यास के प्रेरित किया। ऑल इंडिया लीनेस क्लब अध्यक्ष जानकी गुप्ता, उपाध्यक्ष साक्षी वाधवानी, सचिव श्रेया ठाकुर, लीनेस पूजा रामरच्छानी, सलाहकार समिति सुशीला नाहर, प्रिया पंजवानी, नव्या वाधवानी ने योग प्रशिक्षक एवं अतिथि को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। रोपण के लिए पौधों का वितरण किया। बच्चों को पूजा रामरच्छानी ने पौष्टिक आहार एवं फल का वितरण किया।

### स्वस्थ रहने के लिए रासेयो स्वयंसेवकों ने किया योग



**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में रासेयो स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया। फिजिक्स विभाग की सुश्री निरूपा साहू एवं स्वयंसेवक रोशनी सोनी ने योगाभ्यास कराया। अनुलोम विलोम, कपालभाति, वज्रासन, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न प्रकार के आसन एवं ध्यान के साथ-साथ प्राणायाम के लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्राणायाम लाभदायक है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वेरुलकर, डॉ.घनश्याम देवांगन, कौशलेश ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, निरूपा साहू, दिव्या देवांगन, डॉ रमा देवी, योगेंद्र साहू, तेजराम सिन्हा, पीयूष वाही, हुलासिनी कश्यप, खोमेश साहू, मोंगरा साहू, विजय सिन्हा, हरि साहू, संदीप, तारेंद्र, रोशनी उपस्थित थे।

### अपनी दिनचर्या में योग को अवश्य शामिल करें



**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर धीवर समाज द्वारा शीतला माता मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। योगार्थियों को कोमल सार्वा योग प्रशिक्षक द्वारा योग का अभ्यास कराया गया। महासंरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि स्वस्थ निर्धन व्यक्ति दुनिया के सारे सुखों का आनंद ले सकता है, परन्तु अस्वस्थ धनी व्यक्ति सुखों का आनंद नहीं ले सकता। स्वस्थ व्यक्ति से उसका परिवार एवं समाज भी स्वस्थ बनता है। अपनी दिनचर्या में योग को अवश्य शामिल करें। मौके पर होरीलाल मत्स्यपाल संरक्षक, नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा अध्यक्ष, सोहनलाल धीवर सचिव, राजू ओझा, शत्रुहन धीवर, यशवंत कोसरिया अध्यक्ष प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति, तीरथ फूटान, पवन हिरवानी, रिया फूटान, अंजलि फूटान, दुर्गेश रिगरी, हरीश चौबे, खेमू हिरवानी, पतालू नाग, राजकुमार फूटान, महेंद्र फूटान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए।

### नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश वितरित



**नगरी।** शाला प्रबंधन एवं विकास समिति समग्र शिक्षा प्राथमिक माध्यमिक शाला सराईटोला में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम रखा गया। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया। पुस्तक एवं गणवेश भी बच्चों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच हृदयराम नेताम, शाला समिति अध्यक्ष उत्तम नेताम, प्रपा गंगाराम नेताम, हेमन्त ठाकुर, शिक्षक थम्मनलाल साहू, ललिता देवी नेताम, संगीता चंद्रवंशी, सदस्यगण परमानंद मरकाम, रामसिंग मरकाम, हिरमोतिनबाई, संगीता सोम, सविता सोरी, राधेश्याम मरकाम समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

भगवान स्वस्थ होकर आज आसन पर विराजमान होंगे, भक्तों को देंगे दर्शन

# जगन्नाथ मंदिर में काढ़ा वितरण के अंतिम दिन लगी हजारों भक्तों की भीड़

- 27 जून को दोपहर 1 बजे रथयात्रा महोत्सव की शुरूआत होगी, समापन जनकपुरी में होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





मठ मंदिर चौक के पास जगन्नाथ मंदिर में विराजित भगवान जगन्नाथ देव स्थान के बाद अस्वस्थ हो गए हैं जिन्हें विभिन्न जड़ी बूटियों से निर्मित काढ़ा का भोग लगाया गया ताकि महाप्रभु जल्दी स्वस्थ होकर भक्तों को दर्शन दे सके। काढ़ा वितरण का सिलसिला 22 जून से प्रारंभ हुआ। भगवान को भोग लगाने के बाद भक्तों को काढ़ा प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। यह सिलसिला तीन दिन तक चला। अंतिम दिन सोमवार को काढ़ा प्रसादी लेने हजारों भक्तों की कतारें लगी रही। सबसको बारी-बारी से काढ़ा दिया गया। बता दें कि काढ़ा लेने भक्तगण अलसुबह 5 बजे से मंदिर प्रांगण पहुंच गए थे। अंतिम दिन होने के साथ शहरवासियों के अलावा ग्रामीणों की भीड़ लगी रही।

मंदिर के पुजारी पं. बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि देव स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को आरती के बाद सुबह 7 बजे तीन दिन तक काढ़ा भोग लगाया। काढ़ा का निर्माण सैकड़ों दुर्लभ जड़ी बूटी के मिश्रण से किया जाता है। भोग के बाद काढ़ा भक्तों को दिया जाता है। इसे ग्रहण करने शरीर निरोगी रहता है। काढ़ा लेने 1 हजार मीटर लंबी लाइन लगी रही। सभी को काढ़ा दिया गया। भक्त अपने साथ लाए बर्तन में भी काढ़ा प्रसादी परिजनों को वितरित करने घर ले गए।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण गांधी ने बताया कि रोजाना 2 घंटे तक काढ़ा का वितरण किया गया। महाप्रभु 25 जून को स्वस्थ होकर आसन पर विराजमान होंगे। इस नेत्रोत्सव के साथ दर्शन लाभ प्राप्त किया जा सकता है। 27 जून को रथयात्रा महोत्सव है। मठ मंदिर चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा की शुरूआत होगी जो चमेली चौक, सदरबाजार, कचहरी चौक, गणेश चौक, रामबाग होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर के पास स्थित (ननिहाल) गौशाला जनकपुरी में संपन्न होगी।

उल्लेखनीय है कि धमतरी का रथयात्रा महोत्सव 117 साल पुराना है। यहां परंपरा अब भी कायम है। इस दिन सुबह 5 बजे मंदिर में मंगला आरती होगी। दर्शन पूजन के बाद दोपहर 1 बजे रथयात्रा की शुरूआत होगी। काढ़ा वितरण के समय ट्रस्ट के सत्यनारायण राठी, प्रकाश गांधी, मोहन अग्रवाल, लखमशी भानुशाली, श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल, विपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, अनिल मित्तल, विनोद अग्रवाल, रविकांत अग्रवाल, योगेश गांधी, दिलीप सोनी, महेन्द्र पंडित, महेन्द्र राजपुरिया, कीर्ति शाह, गोवर्धन सोनी, राजेन्द्र शर्मा, कुलेश सोनी, पिंटू यादव, संजय अग्रवाल, प्राजेन्द्र लुंकड़, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, अंशुल महावर, प्रंजय महावर, सुनील सोनी, अनंत शाह, राम शर्मा, आकाश जसूजा, गोलू ठाकुर, सुल्ली गुप्ता, प्रतापराव कृदत्त, सूर्यप्रकाश अग्रवाल, राकेश चंदवानी, दिनेश अंबानी, गौरव शर्मा आदि मौजूद थे।

आपातकाल के 50 साल पर 25 जून को काला दिवस मनायेगी भाजपा

## आपातकाल के दौरान लोकतंत्र के चारों स्तंभ हुए धाराशायी : दयालदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




25 जून 1975 को देश पर थोपे गए आपातकाल की 50 वीं बरसी पर मीडिया से चर्चा करते हुए कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने आपातकाल को आजाद भारत के इतिहास में अहंकार और सत्ता के दुरुपयोग का सबसे घिनौना खेल बताया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी को चुनाव में शासकीय मशीनरी के दुरुपयोग और कदाचरण का दोषी मानते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने उनकी संसद सदस्यता को अवैध घोषित किया। अपनी कुर्सी जाने के डर से तथा सत्ता के अहंकार में आकर श्रीमती इंदिरा गांधी ने तत्कालीन राष्ट्रपति पर दबाव डालकर आधी रात को जबरन देश में आपातकाल लगा दिया। 25 जून 1975 को एक रेडियो संदेश के माध्यम से आंतरिक अशांति का बहाना बनाते हुए श्रीमती इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की। 25 और 26 जून की मध्यरात्रि को विपक्ष के तमाम बड़े नेता जैसे जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी बाजपेई, लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह, जॉर्ज फर्नांडिस को उनके घरों से उठाकर जेल में डाल दिया गया। सभी बड़े मीडिया हाऊस को बंधक बना लिया गया। लाखों लोग जेल में ठूंस दिए गए। लोकतंत्र के चारों स्तंभ धाराशायी कर दिए गए।

लगभग 21 महीनों तक देश के नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित रखे गए। श्री बघेल ने बताया कि भाजपा देश भर आपातकाल की 50 वीं बरसी पर गोष्ठियों का आयोजन कर रही है। इसी तारतम्य में 25 जून बुधवार को भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय सेमिनार आयोजित है, जिसमें वक्ता के रूप में विधायक अजय चंद्राकर एवं मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता में महापौर रामू रोहरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, रंजना साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवार, कार्यक्रम के जिला संयोजक कविंद्र जैन, महेंद्र पंडित, अविनाश दुबे, रोहिताश मिश्रा, विजय साहू, मीडिया प्रभारी विनोद पांडे एवं अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शाला प्रवेशोत्सव से बच्चों के मन में उत्साह का संचार होता है



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल कोर्रा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों के स्कूल पहुंचते ही उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद मिठाई खिलाकर उनका मुंह भी मीठा कराया गया। बच्चों को जनप्रतिनिधियों ने नए गणवेश और पुस्तकों का वितरण किया। इस दौरान बच्चों में उत्साह और चेहरे में मुस्कुराहट थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष डॉ अरूण साहू ने कहा कि नया शैक्षणिक सत्र सभी के लिए सुखद व प्रगतिकारक हो।

भखारा मंडल भाजयुमो अध्यक्ष चोवाराम साहू ने कहा कि आज शाला प्रवेश उत्सव में शामिल बच्चे उत्साहित हैं कि अब उन्हें पढ़ने के लिए नियमित तौर पर स्कूल आना है। शाला प्रवेशोत्सव से बच्चों के मन में उत्साह का संचार होता है। स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है।

## विश्व गंधर्व दिवस पर समाज की महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

गंधर्व समाज ने विश्व गंधर्व दिवस समारोह बेन्दाचुवा के संकुल प्रांगण में मनाया। ईष्टदेव शंकर भगवान, चित्ररथ गंधर्व महाराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समाज की महिला प्रकोष्ठ द्वारा कलशयात्रा निकली गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम, गंधर्व समाज मगरलोड क्षेत्र अध्यक्ष दुलार सिंह दनियार एवं सरपंच पठार, राजकुमार चालकी क्षेत्र अध्यक्ष मोहलाई कुकरेल व विशेष अतिथि डीहूराम साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड, दीनदयाल गंधर्व अध्यक्ष जिला गंधर्व समाज, प्रांतीय अध्यक्ष लक्ष्मी बाई नाग महिला प्रकोष्ठ, गणेश राम टांडेश, अर्जुन लाल गंधर्व, पुनीत राम गनियार, जगत राम चौहान अध्यक्ष अकलवारा, कामता प्रसाद हरिकीर्तनकार कुंडेरा दादर, नीरज साहू विधायक प्रतिनिधि विधानसभा क्षेत्र सिहावा, गजेंद्र दीवान जनपद सदस्य रेखा बाई जगत, पिंकी सूर्यवंशी, जागेश्वरी मरकाम, नर्मदा बाई, बिहारराम, कुमारी मरकाम, युवा अध्यक्ष संतोष मरकाम, कपिल चालकी, बसंत टांडेश, हरेंद्र नारायण सिंह नागेश, शंकर लाल देवदास थे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम ने झरिया गंधर्व समाज को सौभाग्य शाली बताते हुए कहा कि जब भी समाज को मेरी आवश्यकता पड़ेगी जनप्रतिनिधि के नाते समाज विकास और उत्थान के लिए खड़ी रहूंगी।






## खबर संक्षेप



### दिव्यांगों ने केंद्र के समान पेंशन एवं भत्ता की मांग की

**धमतरी।** भारत सरकार दिव्यांगों के प्रतिशत के अधार पर अधिनियम 2016 बनाकर दिव्यांगों के सशक्तिकरण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है पंरतु छग सरकार इस मामला में असहाय साबित हो रही है। हरियाणा में पेंशन व रेलवे में काफी सुविधाएं दे रही है और यहां 2002 की गरीबी रेखा तथा 80 % वालों को ही पेंशन की पात्रता दे रही है। ऐसे में आटिज्म, मंद बुद्धि और बहु दिव्यांग वालों को कोई सुविधा नहीं मिल रही है। यह दिव्यांगों के साथ घोर अन्याय है। दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ रायपुर के प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित, महेश साहू कोषाध्यक्ष, आशीष शर्मा उपाध्यक्ष, डां रवि पटेल सलाहकार, घनश्याम सिंह साहू केंद्र सरकार को अवगत कराने की योजना पर काम कर रहे हैं जिससे अधिनियम 2016 का सफल क्रियान्वयन हो सके और सभी दिव्यांगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

### खाद की किल्लत जल्द दूर करे सरकार



■ भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**कुरूद।** भारतीय किसान संघ ने किसानों की प्रदेशव्यापी समस्याओं के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम प्रदेश स्तर पर ज्ञापन सौंपा। राज्य सरकार से सोसाइटी में खाद की किल्लत जल्द दूर करने की मांग की। संघ ने किसानों की समस्याओं का हल नहीं निकलने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने बताया है कि वर्तमान में सभी सोसाइटियों में डीएपी खाद नहीं होने की शिकायत मिल रही है। जबकि खुले बाजार में डीएपी अधिक मूल्य पर मिल रही है। जो काम सरकार नहीं कर पा रही है, उसे व्यापारी कैसे कर मुनाफा कमा रहे हैं। आखिर यह खाद कहां से आ रही है। कहीं यह नकली तो नहीं है। जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। पिछली सरकार के समय के बचे हुए बोनस की भरपाई एवं समर्थन मूल्य पर 117 रुपए की बढ़ोतरी की राशि को प्रदान करने के लिए वर्तमान सरकार से मांग की है। पूर्व सरकार द्वारा दलहन तिलहन पर प्रोत्साहन राशि प्रति एकड़ 20000 दी जाती थी। उसे भी वर्तमान राज्य सरकार लागू करें। दलहन तिलहन फसल की खरीदी समिति के माध्यम से समर्थन मूल्य पर करें। मांगों का समाधान नहीं होने पर प्रदेश स्तर पर किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जवाबदेही प्रशासन की होगी।

समर्थकों ने विधायक के 62वें जन्मदिन पर चलाया स्वच्छता अभियान, पौधरोपण एवं रक्तदान किया

# अजय अब भी बने हुए हैं कार्यकर्ताओं की पहली पसंद

■ कुरुद में मरीजों को फल वितरण कर सौंदर्यीकरण कार्य का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



विधायक अजय चन्द्राकर के समर्थकों ने अपने नेता के जन्मदिन को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। एक ओर सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए, वहीं नया बाजार के मंगल पांडे चौक में सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। भखारा में रक्तदान शिविर का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। पौधरोपण कर श्री चन्द्राकर के दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को विधायक अजय चंद्राकर का जन्मदिन था। जीवन के 62 बसंत पूरे कर चुके बेबाक भाजपा नेता चन्द्राकर की पहचान केवल कुरुद ही नहीं, जिले ही नहीं अपितु प्रदेश के सर्वाधिक तेज तर्रार और सर्वाधिक अध्ययनशील विधायक के रूप में होती है। वे पूर्व में पंचायत, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं गृह विभाग में मंत्री का दायित्व निभा चुके हैं। फिलहाल वे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता का पदभार संभाल रहे हैं। राजनीतिक जीवन का लंबा और बेदाग कार्यकाल उनकी लोकप्रियता की बानगी प्रस्तुत करता है। आलम यह है कि वे अब भी कार्यकर्ताओं की पहली पसंद बने हुए हैं। 24 जून को उनके जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं ने खूब रंग जमाया। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, संयोजक भोजराज चन्द्राकर, महामंत्री प्रभात वैस, वरिष्ठ नेता मालकराम साहू, विकास चन्द्राकर, पार्षद मिथलेश बैस, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, महेन्द्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, रवि मानिकपुरी, मूलचंद सिन्हा, अनुराधा साहू, प्रमोद शर्मा, संजु चन्द्राकर, रवि चन्द्राकर, आदि सम्मिलित थे।



### समर्थक पर्व की तरह मनाते हैं अजय का जन्मदिन

बता दें कि हर वर्ष विधायक अजय चंद्राकर के जन्मदिन 24 जून को उनके चाहने वाले कुरुद विधानसभा में किसी पर्व की तरह मनाते हैं। लेकिन इस बार वे प्रदेश से बाहर होने के कारण अपने समर्थकों से प्रत्यक्ष मुलाकात नहीं कर पाए। लेकिन प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई संदेश भेजने में पीछे नहीं रहे। कुरुद विधायक के जन्मदिवस को यादगार बनाने नपं कुरूद ने नया बाजार के मंगल पांडे चौक में सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर की अगुआई में सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल एवं बिस्किट का वितरण किया गया।



### श्री चंद्राकर की लंबी उम्र की कामना की

नपं भखारा में अध्यक्ष ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन एवं पार्षद दल और पार्टी कार्यकर्ताओं ने शासकीय अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कराया। जिसमें विधायक समर्थकों के अलावा आम लोगों ने भी रक्तदान करके श्री चन्द्राकर की लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, महामंत्री द्वय गौतम जैन, एवन साहू, उपाध्यक्ष द्वय ऋषि साहू, नितेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष चोवाराम साहू आदि शामिल हुए।



### जन्मदिन पर किया पौधरोपण, केक काटा

विकास पुरुष के जन्मदिन पर ग्रामीण क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह देखा गया। इस मौके पर कहीं स्वच्छता अभियान चलाया गया, कहीं पौधरोपण किया गया। उनके चाहने वालों ने उनकी गैरमौजूदगी में भी केक काटकर खुशियों का इजहार किया। मौके पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, जनपद सभापति आनंद यदु, भाजपा नेता भीमदेव साहू, झागेश्वर ध्रुव, चोवाराम गंजीर, भोलाराम साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, सिलौटी सरपंच अनिलराव शिंदे, युवा नेता अनुराग चंद्राकर, ताजेन्द्र चंद्राकर, विक्रम बंजारे आदि शामिल रहे।

पार्षद मोटवानी ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के जन्मदिन को बनाया यादगार

# प्रतिभावान छात्रों को कंप्यूटर, ट्यूशन फीस तथा पाठ्य सामग्री भेंट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अजय चंद्राकर के जन्मदिन पर पार्षद विजय मोटवानी के द्वारा 30 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर के साथ ही 230 बच्चों को स्कूली बैग 130 बच्चों का ट्यूशन फीस 5 बच्चों को ट्राई साइकिल सहित अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया

क्षेत्र के वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के जन्मदिन को हमेशा सेवाभावी कार्यों से जोड़कर एक नई दिशा में मूर्त रूप देकर चिरस्थाई बनाने का बीड़ा नगर निगम के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि तथा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मोटवानी कई वर्षों से उठाते आ रहे हैं। श्री मोटवानी पखवाड़े भरपूर से इस दिवस की तैयारी में स्वयं अपनी टीम के साथ जुटे रहते हैं। इस वर्ष अजय के जन्मदिवस पर उन प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित किया जो अपने गुण, लगन और मेहनत के कारण शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान तो रखते हैं लेकिन कहीं न कहीं उनके मार्ग में उनकी पारिवारिक आर्थिक विपन्नता बन जाती है। इस अवरोध को दूर करने के लिए विजय मोटवानी ने ऐसे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर के साथ ही उनकी ट्यूशन फीस की व्यवस्था की। स्कूल बैग, कॉपी किताब व अन्य जरूरत की आवश्यक सामग्री बांटी। उनके इस कार्य की सर्वत्र सराहना हो रही है। कहा जा रहा है कि समाज में यदि जीवन के स्वर्णिम पल को ऐसे कार्यों से जोड़कर आगे बढ़ाया जाए तो आपस की अमीर -गरीब, छोटा- बड़ा जैसी अन्य खाइयों को पाटा जा सकता है। ऐसे बच्चों को जब हाथों में कंप्यूटर का की-बोर्ड विजय मोटवानी द्वारा प्रदत्त किया गया तो उनकी उंगलियां स्पर्श होते ही चेहरों में अद्भुत सी खुशी दिखी। भविष्य की चिंता को मिटाते हुए होठों की मुस्कान अजय चंद्राकर को दीर्घायु के साथ शतायु होने की दुआ दे रही थी। कंप्यूटर प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या 30 रही वहीं 200 बच्चों को बैग, काफी पेन तथा 130 बच्चों को ट्यूशन फीस प्रदान की गई। विकलांगों को जब ट्राईसकिल दी गई तो उनके मन में विकलांगता पर विजय प्राप्त होने का अद्भुत साहस दिखाई दिया।

एक अनौपचारिक चर्चा में विजय मोटवानी ने कहा कि ऐसे कार्यों से दिल को सुकून तथा मन को आत्मिक शांति प्राप्त होती है। हमारे मार्गदर्शक अजय चंद्राकर जी का निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्राप्त होती है। आगे भी सेवा भावी कार्यों का सिलसिला जारी रहेगा। मौके पर चेतन हिंदूजा, राजेंद्र शर्मा, विजय साहू, नरेंद्र रोहरा, तल्लीनपुरी गोस्वामी, पार्वती वाधवानी, हेमंत बंजारे, चंद्रकला पटेल, श्यामा साहू, नीलू डागा, प्राची सोनी, सरिता असाई, कोमल सार्वा, भीषण निषाद, डीपेन्द्र साहू, कुलेश सोनी, पिंटू यादव, सुशीला तिवारी, मेघराज ठाकुर, नम्रता पवार, चंद्रभागा साहू, किरण साहू, रितिका यादव, रीता बंजारे, संजय देवांगन, देवेश अग्रवाल, वेदप्रकाश साहू, संतोष महार, दौलत वाधवानी, विक्की, महेंद्र खंडेलवाल, देवेंद्र मिश्रा, सानिध्य मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे।



कुरूद नगर की हेमीन सिन्हा पिता गणेश सिन्हा को पूरे धमतरी जिले में टॉप करने पर कम्प्यूटर भेंट किया गया। उनका रिजल्ट 95% रहा।

# भाजपा सिर्री मंडल ने पौधरोपण, मिठाई वितरण कर मनाया विधायक का जन्मदिवस

■ दिव्यांग स्कूल एवं पीएचसी सिर्री में बांटे फल, पेन, कॉपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री





ग्राम सिर्री में भाजपा सिर्री मंडल के पदाधिकारियों सहित सदस्यों ने 24 जून को कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के जन्मदिवस पर गांव के स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को लेकर पौधरोपण किया। शाउमावि सिर्री के प्रांगण में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू एवं अन्य पदाधिकारियों ने पौधरोपण किया और मिठाई भी बांटी।

गौकरण साहू ने कहा कि विधायक के जन्मदिवस पर पौधरोपण किया गया जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। साथ ही उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने की अपील की है। पश्चात बीजेपी मंडल के सदस्यों ने गांव के दिव्यांग स्कूल में मूकबधिर बच्चों से भेंट की अपने बीच जनप्रतिधियों को पाकर बच्चे उत्साहित हुए। दिव्यांग बच्चों ने इशारों के माध्यम से कविताएं भी सुनाई। यह देख जनप्रतिनिधि भावुक नजर आए। सिर्री मंडल के भाजपाइयों ने बच्चों को कॉपी, पेन और केला, मिठाई बांटी गई। अंत में दिव्यांग स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्री में भाजपाइयों ने अस्पताल के मरीजों सहित उपस्थित गर्भवती माताओं को फल का वितरण किया। सिर्री मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू ने कहा कि जन्मदिवस जैसे खास अवसर पर मरीजों को फल वितरित करना, गरीबों की सेवा एवं दान, पौधरोपण जैसे कार्यों से उन्हें खुशी मिलती है। वह स्वयं अपने जन्मदिवस पर ऐसे कार्य करते हैं।

इस अवसर पर गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, डा. लोकेश साहू सिर्री मंडल अध्यक्ष, थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल, सुनील गायकवाड़ प्रतिनिधि जिपं सदस्य, हरिशंकर साहू अध्यक्ष सरपंच संघ कुरूद, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, पुष्पेंद्र साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, सीतेश्वर सिन्हा हाईस्कूल शाला विकास समिति सिर्री, नीलमणि निषाद शाला विकास समिति अध्यक्ष कठौली, नरेंद्र ध्रुवंशी प्राधिकृत अधिकारी दर्रा सोसाइटी, देशान्त सिन्हा सरपंच सिर्री, योगेश साहू सदस्य सिर्री मंडल, लेखराम सिन्हा, शोभाराम पटेल, नेतराम साहू, धनेश बंजारे, पिंटू सेन सहित सरोज कुमार साहू प्राचार्य हाईस्कूल सिर्री, शिक्षक आरके साहू, जितेंद्र देवांगन, जीवन साहू, हेमंत यादव, पीएचसी सिर्री प्रभारी डा. एनके कामड़े एवं सिर्री मंडल के अन्य सदस्यों सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# मराठापारा वार्ड से दीनू, बीरबल एवं बसंत निर्विरोध पंच निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धीवर समाज में संगठन चुनाव के अनुक्रम में मराठापारा वार्ड के पंच, युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया।

वार्ड पंच के लिए दीनू पेंदरिया, बीरबल पेंदरिया एवं बसंत सपही, युवा प्रकोष्ठ में धर्मेंद्र पेंदरिया, सोनू पेंदरिया एवं राम सपही, महिला प्रकोष्ठ में मालती पेंदरिया, लक्ष्मीन सपही एवं लता पेंदरिया सर्वसम्मति से चुने गये।

# शिविर में 35 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



विधायक अजय चंद्राकर के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 35 लोगों ने रक्तदान किया। विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने हमेशा सेवा के कार्यों को प्राथमिकता दी है। सरकारी योजनाओं का लाभ आम और वंचित लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रयास निरंतर जारी है। शिविर का आयोजन नगर पंचायत भाजपा भखारा भठेली द्वारा किया गया। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया और 45 यूनिट रक्त एकत्र किया।रक्तदान शिविर में लगभग 36 व्यक्तियों ने रक्तदान किया जिसमें जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, डॉक्टर, व्यवसायी, महिला, छात्र, शिक्षक शामिल हैं। ज्योति जैन अध्यक्ष नपं ने सर्टिफिकेट प्रदान किया। पहली बार रक्त देने वालों में भी उत्साह था। मितानिन महिला ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ यू कौशिक, बीएमओ डॉ नवरतन, डॉ आदित्य सिन्हा, डॉ गौरव बंगानी, विष्णु साहू, रवि सिन्हा, छबिलाल निर्मलकर, दीनानाथ साहू, डुमेन्द्र गंगबेल, सुशीला निर्मलकर, खोमलता साहू, चक्रसुदर्शन चंदेल, भूपेश्वरी चंदेल, गौतमी पटेल, योगेश धीवर, दिनेश साहू, चिराग सोन उपस्थित थे।

रानी दुर्गावती शौर्य, साहस, आत्मस्वाभिमान की प्रतीक : जीवराखन

# रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सर्व आदिवासी समाज एवं आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज मुड़ा क्षेत्र धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में गोंडवाना साम्राज्य की शासिका महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती के शहादत दिवस पर लक्ष्मी निवास चौक गोकुलपुर में स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन किया गया।

इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि रानी दुर्गावती ने जुल्म के आगे झुकने से इनकार कर दिया और स्वतंत्रता, आत्म सम्मान तथा अस्मिता के लिए संघर्ष तथा युद्ध के मार्ग को चुनते हुए अपने साम्राज्य की रक्षा तथा अपने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण का बलिदान 24 जून सन 1564 को किया।

गोंड़ समाज धमतरी के प्रमुख सलाहकार डॉ.एआर ठाकुर, मुड़ा क्षेत्र धमतरी के अध्यक्ष श्यामलाल नेताम, जिला कोषाध्यक्ष शिव नेताम, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ईश्वरी नेताम, धमतरी मुड़ा सचिव घनश्याम नेताम ने भी रानी दुर्गावती के अदम्य साहस शौर्य पर प्रकाश डालते हुए मातृशक्ति एवं नारी शक्तियों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। मौके पर महिला प्रभाग कार्याकारी मुड़ा अध्यक्ष पूजा कुंजाम, महिला प्रभाग उपाध्यक्ष भाविका मंडावी, जीतू कुंजाम, अनूप मंडावी, राजकुमार नेताम, घनाराम नेताम, पुष्पा ध्रुव, बबीता नेताम, सरस्वती नेताम सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ों में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
|---|---|
| 1. टेब. हमारेका जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सियाओल | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेपुली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/- रु. |

- दवाई मिलने का स्थान -
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज